हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 13 नवंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 विदिशा जिले से 500 वाहनों से गौ सम्मान के लिए पहुंचेंगे गौ भक्त



10 चोरों ने कृषि मंडी में मुनीम को बंधक बनाकर किया जानलेवा...



जिले में अब 10.81 लाख मतदाता हुए, दो नए मतदान केंद्र भी बढ़े

प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशितः 11 दिसंबर तक नाम जुड़वाने और संशोधन कराने का मौका 4 जनवरी को जारी होगी अंतिम सूची

4 जनवरी को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

साल बीतने को है और प्रशासनिक स्तर पर चुनावी तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2027 के तहत विदिशा जिले की प्रारूप मतदाता सूची गुरुवार को प्रकाशित कर दी गई।

नई सूची के अनुसार जिले में कुल 10 लाख 81 हजार 922 मतदाता दर्ज हैं। इनमें 5 लाख 68 हजार 184 पुरुष, 5 लाख 13 हजार 716 महिलाएं और 22 अन्य मतदाता शामिल हैं। यदि किसी मतदाता का नाम सूची में नहीं है या नाम, पता और अन्य जानकारी में कोई गलती है तो वह 11 दिसंबर 2026 तक दावा-आपत्ति दर्ज करा सकता है।

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा। गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। इसमें अपर कलेक्टर मीना मसराम और उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिनी शर्मा ने पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और मीडिया की मौजूदगी में प्रारूप मतदाता सूची की प्रतियां भी उपलब्ध कराई गईं। जिले में प्रति हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या का अनुपात 904 है। अपर कलेक्टर मीना मसराम ने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे अधिक से अधिक महिलाओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं। इसके लिए स्कूलों और कॉलेजों में भी अभियान आयोजित किए जाएंगे। 21 फरवरी 2026 को प्रकाशित पिछली अंतिम मतदाता सूची की तुलना में जिले में 16 हजार 923 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। इनमें 9 हजार 239 महिलाएं और 7 हजार 684 पुरुष शामिल हैं।

कुरवाई विधानसभा में सबसे ज्यादा मतदाता

विदिशा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के हिसाब से देखें तो कुरवाई में सबसे ज्यादा 2 लाख 34 हजार 197 मतदाता हैं। सिरोंज में 2 लाख 19 हजार 790, विदिशा में 2 लाख 17 हजार 867, बासौदा में 2 लाख 10 हजार 703 और शमशाबाद में 1 लाख 99 हजार 365 मतदाता दर्ज हैं। जिले में 18 से 19 वर्ष आयु के 16 हजार 21 युवा मतदाता हैं, जबकि 20 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 2 लाख 74 हजार 927 मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा 10 हजार 451 दिव्यांग, 8 हजार 446 ऐसे बुजुर्ग मतदाता जिनकी उम्र 85 वर्ष से अधिक है और 392 सर्विस मतदाता भी सूची में दर्ज हैं।

विदिशा विधानसभा में सिर्फ 2 लाख 17 हजार 867 मतदाता।

दो ग्रामीण मतदान केंद्र बढ़ाए, 1450 हुई संख्या

मतदान की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में दो नए ग्रामीण मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इससे मतदान केंद्रों की संख्या 1448 से बढ़कर 1450 हो गई है। इनमें 302 शहरी और 1148 ग्रामीण मतदान केंद्र हैं। बासौदा विधानसभा में एक और कुरवाई विधानसभा में एक नया मतदान केंद्र बनाया गया है। विदिशा में 293, बासौदा में 279, कुरवाई में 323, सिरोंज में 279 और शमशाबाद में 276 मतदान केंद्र रहेंगे।

कॉलोनाइजर गुप्ता के ऑफिस में तोड़फोड़ व मारपीट के मामले में सात दिन बाद भी कार्रवाई नहीं

ऑफिसर से 3.5 लाख लूटकर ले जाने के भी आरोप



विदिशा। कॉलोनाइजर गुप्ता ने ज्ञापन देकर पुलिस से की कार्रवाई की मांग।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

संगम विहार में कॉलोनी में शराब पीने से रोकने पर कॉलोनाइजर सुनील गुप्ता के साथ मारपीट के मामले में सात दिन बीतने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई है। गुरुवार को कॉलोनाइजर सुनील गुप्ता ने एसपी कार्यालय पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को मारपीट का वीडियो भी दिखाया।

महिलाओं से अभद्रता के बाद शुरू हुआ था विवाद

सुनील गुप्ता का कहना है कि निखिल यादव अपने दो साथियों के साथ उनकी कॉलोनी में शराब पी रहा था। कॉलोनी की महिलाओं ने उन्हें रोका तो युवकों ने अभद्रता की। पहले गार्ड और बाद में गुप्ता के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। गुप्ता ने बताया कि उन्होंने रात में डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी थी। बाद में आरोपियों के परिजन माफी मांगने पहुंचे तो उन्होंने उस समय पुलिस कार्रवाई से मना कर दिया। अगले दिन बीच सड़क पर उनके साथ मारपीट की गई।

कॉलोनाइजर का संदिग्ध वाहन कर रहे हैं पीछा!

गुप्ता का आरोप है कि इसके बाद आरोपी उनके ऑफिस पहुंचे और वहां तोड़फोड़ की। वे ऑफिस में रखे करीब 3 .5 लाख रुपए भी ले गए। 5 नवंबर को एफआईआर दर्ज कराई थी। घर या कॉलोनी से निकलने पर संदिग्ध वाहन उनका पीछा करते हैं। गुप्ता ने किसी अनहोनी की स्थिति होने पर तोड़फोड़ करने वाले आरोपियों को जिम्मेदार ठहराया है।

वीडियो के आधार पर कार्रवाई करेगी पुलिस

सीएसपी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मारपीट का वीडियो सामने आया है और कॉलोनाइजर सुनील गुप्ता का आवेदन भी मिला है। मामले की जांच कर वीडियो के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की जांच में यदि आरोपी दोषी पाए गए तो उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

घर में फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या सुसाइट नोट छोड़ा

विदिशा। तोपपुरा निवासी 35 वर्षीय ओमप्रकाश कुशवाह ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मुताबिक ओमप्रकाश बुधवार को अपनी बहन से टीका लगवाकर घर लौटे थे। इसके बाद वह अपने कमरे में चले गए। कुछ देर बाद उनकी मां ने उन्हें कमरे में फंदे पर लटका देखा। पुलिस के अनुसार ओमप्रकाश ने आत्महत्या से पहले सुसाइड नोट छोड़ा है। पुलिस उसकी जांच कर रही है। आत्महत्या की वजह अभी साफ नहीं हुई है। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

खबर संक्षेप

आज 2.71 लाख लाड़ली के खातों में आएगी राशि

विदिशा। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत जिले की 2 लाख 71 हजार 144 पात्र महिलाओं के खातों में 13 नवंबर को नवंबर माह की आर्थिक सहायता राशि अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री द्वारा शिवपुरी जिले के पिछोर में आयोजित कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि भेजी जाएगी। इसमें ग्रामीण क्षेत्र की 2,16,620 और नगरीय निकायों की 54,524 महिलाएं शामिल हैं। सभी हितग्राहियों के भुगतान आदेश बैंक को भेजे जा चुके हैं।

35 गांवों में जनविश्वास अभियान शिविर आज

विदिशा। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार 13 नवंबर को सिरोंज जनपद के तीन क्लस्टर पथरिया, बामोरीशाला और देहरीजागीर के 35 गांवों में शिविर लगाए जाएंगे। इनमें ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने की कार्रवाई होगी। पथरिया क्लस्टर के 12, बामोरीशाला के 12 और देहरीजागीर के 11 गांवों में शिविर आयोजित होंगे।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की सख्ती

स्टंट कर पटाखे फोड़ने वाले 5 युवकों पर कार्रवाई, दीपावली पर मचाया था उत्पात

दीपावली पर वाहनों से स्टंट कर पटाखे फोड़कर उत्पात मचाने वाले पांच युवकों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने युवकों की पहचान की। इनमें तीन युवकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, जबकि दो युवकों के वाहनों पर यातायात नियमों के उल्लंघन पर कुल 3500 रुपए के चालान काटे गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

दीपावली की रात जब शहर के लोग अपने घरों में खुशियां बना रहे थे तब शहर के कुछ हुड़दंगी युवा सड़कों और चौराहों पर उत्पात मचा रहे थे।

दीपावली पर वाहनों से स्टंट करते हुए पटाखे फोड़कर उत्पात मचाने वाले पांच युवकों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। युवकों की इस हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया और उनकी पहचान कर कार्रवाई की। इनमें तीन युवकों को प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के लिए एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, जबकि दो अन्य युवकों के वाहनों पर यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले में कुल 3500 रुपए के चालान काटे गए।



विदिशा। पुलिस ने युवकों को पकड़कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया।

- घर पहुंची पुलिस तब युवकों के होश ठिकाने आए।

जानकारी के अनुसार 8 नवंबर को दीपावली पर्व के दौरान कुछ युवक वाहनों से स्टंट कर रहे थे और पटाखे फोड़कर सार्वजनिक स्थान पर उपद्रव कर रहे थे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामला सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने कोतवाली पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने वीडियो के आधार पर युवकों की पहचान की। पुलिस ने अनुपम मेगा सिटी निवासी आयुष रजावत (24), रॉयल सिटी निवासी ऋषि ठाकुर (19) और किले अंदर निवासी हर्ष राजपूत (19) के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। तीनों को एसडीएम विदिशा के समक्ष पेश किया गया। वहीं किले अंदर निवासी अनमोल गोस्वामी की पल्सर मोटरसाइकिल (एमपी 40 एमटी 1838) पर 500 रुपए और न्यू अरिहंत विहार कॉलोनी निवासी आयुष राजपूत के बोलेरो वाहन पर 3000 रुपए का चालान किया गया।

कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन तथा एएसपी मोनिका तिवारी और सीएसपी सुरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस ने नागरिकों से त्योहारों पर वाहन स्टंट, पटाखे फोड़कर उपद्रव और यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं करने की अपील की है।

मणप्पुरम फाइनेंस की विदिशा शाखा से चोरी हुए सोने के आभूषण बरामद सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों से पुलिस ने किया मामले का खुलासा

सीलिंग लाइट में छिपाकर रखा था 17 लाख का सोना, फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मणप्पुरम फाइनेंस की विदिशा शाखा से करीब 17 लाख रुपए के सोने के आभूषण चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने कंपनी के ही एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी ने गहने चोरी कर अपने घर की सीलिंग लाइट में छिपाकर रखे थे। तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयान के आधार पर पुलिस ने चोरी की इस वारदात का खुलासा किया। ग्राम सिरनोटा निवासी शुभम तिवारी (28) ने 8 नवंबर को थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

उन्होंने बताया कि मणप्पुरम फाइनेंस के कार्यालय की दराज में गोल्ड लोन के बदले गिरवी रखा सोने का एक पैकेट रखा था, जिसे 5 नवंबर को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। शाखा प्रबंधक ने कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी राजेश साहू पर संदेह जताया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और कर्मचारियों सहित अन्य के बयान लिए। संदेही राजेश साहू (30), निवासी महुआखेड़ा पृथ्वीराज हाल निवासी पूरनपुरा एकता कॉलोनी से पूछताछ की। पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया।



विदिशा। अपने ही कार्यालय से गहने चोरी करने वाला पुलिस गिरफ्त में आया।

6 चूड़ियां, झुमके, हार सहित पूरा सोना बरामद

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने सीलिंग लाइट में छिपाकर रखे छह सोने की चूड़ियां, दो कान के झुमके, लॉकेट सहित एक चेन, एक हार और एक मोहर बरामद की। इनकी अनुमानित कीमत 17 लाख रुपए बताई गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। कार्रवाई में टीआई राजपाल सिंह जादौन, उप निरीक्षक मकसूद अली, आरक्षक संदीप जाट, धर्मेंद्र सिंह चौहान, दिलीप शर्मा और पूजा चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

फाइनेंस कंपनी ने किसान का ट्रैक्टर ट्रॉली उठाया, भाई ने पी कीटनाशक

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा के सुंदरम फाइनेंस कंपनी से फाइनेंस कराए ट्रैक्टर की किस्त जमा नहीं होने पर कंपनी के कर्मचारियों द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली उठाकर ले जाने का मामला सामने आया है।

किसान का आरोप है कि उसने धान बेचकर किस्त जमा करने के लिए समय मांगा, लेकिन कर्मचारी नहीं माने। किसान समंदर सिंह मीणा के अनुसार वर्ष 2023 में उसने ट्रैक्टर फाइनेंस कराया था। हर छह महीने में 1.60 लाख रुपए की किस्त जमा करनी होती है। एक किस्त बकाया थी। 11 नवंबर को फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने फोन कर किस्त जमा करने को कहा। किसान ने धान बेचकर भुगतान करने की बात कही और मजदूर लगाकर धान की ट्रॉली तैयार कराई। इसी दौरान कंपनी के मैनेजर, फाइनेंस कर्मचारी अर्पित शर्मा सहित 5 लोग चित्रायन गांव पहुंचे और ट्रैक्टर-ट्रॉली ले जाने लगे। विरोध करने पर भी वे नहीं रुके। किसान के भाई मलखान सिंह ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन ट्रैक्टर ले जाने के बाद उसने कीटनाशक पी लिया। उसकी हालत गंभीर है और वह फिलहाल बोलने की स्थिति में नहीं है।

भगत सिंह कॉलोनी में असामाजिक तत्वों का उपद्रव, रहवासी हुए परेशान

दीपावली पर युवतियों पर पटाखे फेंके और घरों पर शराब की खाली बोतलें फेंकीं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कोतवाली थाना क्षेत्र की भगत सिंह कॉलोनी (नाना का बाग) के रहवासी असामाजिक तत्वों की गतिविधियों से परेशान हैं।

दर्जनभर रहवासी एसपी कार्यालय पहुंचे और लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग बाहर से युवकों को बुलाकर अवैध गतिविधियां करते हैं और सड़क पर बैठकर शराब पीते हैं। दीपावली पर रंगोली बना रही युवतियों पर पटाखे फेंके और घरों पर भी पटाखे फेंके। इसके अलावा शराब की खाली बोतलें घरों पर फेंकते हैं। विरोध करने पर विवाद करते हैं। रहवासियों का कहना है कि कोतवाली थाने में शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई।



पड़ोसियों को फंसाने जांघ में घोंपा चाकू

विदिशा। पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसियों को झूठे मामले में फंसाने एक युवक ने अपनी जांघ में चाकू मार लिया। युवक लहूलुहान हालत में शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचा। पुलिसकर्मियों ने उसकी स्थिति को देखते हुए बिना देरी किए उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने तुरंत उसका उपचार शुरू किया। उपचार के दौरान पुलिस और डॉक्टरों ने चोट के निशान और घटना के संबंध में बारीकी से पूछताछ की। युवक घबरा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि पड़ोसियों से उसका पुराना विवाद चल रहा था। उन्हें पुलिस केस में फंसाने के लिए उसने खुद ही अपने पैर में चाकू मारा था। पुलिस ने युवक का प्राथमिक उपचार करवाया। फिर उसे सख्त हिदायत देकर घर रवाना कर दिया।

सहकारिता विभाग से जुड़े कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन, उठाई आवाज

78 कर्मचारियों को एक साल बाद भी नियुक्ति नहीं

- 2020 में प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन अब तक पूरी नहीं हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा में सहकारिता विभाग से जुड़े कर्मचारियों ने बैंकिंग क्षेत्र में पदोन्नति के नियुक्ति आदेश जल्द जारी करने की मांग की है।

गुरुवार को उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मांग पूरी नहीं होने पर काम बंद कर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी। सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कटारिया ने बताया कि समितियों में काम करने वाले कर्मचारियों में से 60 प्रतिशत को पदोन्नति के जरिए बैंकिंग क्षेत्र में भर्ती किया जाना है। यह प्रक्रिया करीब चार-पांच साल से चल रही है। वर्ष 2020 में आदेश जारी होने के बाद प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन अब तक पूरी नहीं हुई।

कर्मचारियों के मुताबिक, 25 जुलाई 2025 को विदिशा जिले के 78 कर्मचारियों की वरिष्ठता के आधार पर सूची जारी की गई थी। इसके बावजूद नियुक्ति आदेश जारी नहीं हुए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि प्रदेश के कई अन्य जिलों में पदोन्नति और नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जबकि विदिशा में यह मामला लंबित है। उन्होंने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर प्रक्रिया जल्द पूरी करने की मांग की। राजेंद्र कटारिया ने कहा कि सूची तैयार होने के एक साल बाद भी प्रक्रिया को केवल "प्रक्रियाधीन" बताया जा रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि नियुक्ति आदेश जल्द जारी नहीं हुए तो वे आंदोलन और हड़ताल करेंगे।



12 से 20 नवंबर तक मनाया जाएगा जनजाति गौरव सप्ताह

भाजपा के सभी 28 मंडलों में होंगे कार्यक्रम, जनजातीय महापुरुषों के संघर्ष, बलिदान से कराया जाएगा परिचित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा जिला विदिशा द्वारा 12 से 20 नवंबर तक जनजाति गौरव सप्ताह मनाया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं जिला अध्यक्ष महाराज सिंह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में जिले के सभी 28 मंडलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।जिला मीडिया प्रभारी डॉ. राहुल जैन ने बताया कि सप्ताह के दौरान जनजातीय समाज के महापुरुषों के संघर्ष, बलिदान और गौरवशाली परंपराओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनजातीय कल्याण, उत्थान और विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

सरकार के विकास कार्यों और उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड भी आमजन के सामने रखा जाएगा। आयोजन के लिए जिला महामंत्री रवि सोनी को जिला संयोजक बनाया गया है। उनके नेतृत्व में जिला एवं मंडल स्तर की टोली कार्यक्रमों का संचालन करेगी।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4751
उच्चतम भाव-7321
सरसों
न्यूनतम भाव-7600
उच्चतम भाव-8800
चना
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-7450
मसूर
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-7000
शरबती
न्यूनतम भाव-4825
उच्चतम भाव-5301
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-1601
उच्चतम भाव-3371
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2560
उच्चतम भाव-2560
बटरी
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-2960
मूंगफली
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-3830
उड़द
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-7610
मक्का
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-2781
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3500
धान
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-5120
ज्वार
न्यूनतम भाव-5660
उच्चतम भाव-6000

आगामी 4 दिसंबर को भोपाल कूच के लिए अभियान की जिला बैठक संपन्न

विदिशा जिले से 500 वाहनों से गौ सम्मान के लिए पहुंचेंगे गौ भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



देश में तीन तलाक पर कानून बन सकता है,धारा 370 है सकती है, 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो सकता है, मोर को राष्ट्रीय पक्षी और शेर को राष्ट्रीय पशु का दर्जा मिल सकता है, देश की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित किया जा सकता है, तो फिर करोड़ों लोगों की आस्था और भारतीय संस्कृति की पहचान गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने का कानून क्यों नहीं बन सकता? यही सवाल अब गौ सम्मान आह्वान अभियान के माध्यम से देशभर में उठाया जा रहा है। गौमाता के सम्मान और संरक्षण की इसी मांग को लेकर 4 दिसंबर को भोपाल में विशाल जनआह्वान होगा। इसमें संपूर्ण मध्य प्रदेश के साथ-साथ विदिशा जिले से 500 वाहनों के साथ गौ भक्तों के पहुंचने का संकल्प लिया गया। गुरुवार को बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में गौ सम्मान आह्वान अभियान की जिला स्तरीय बैठक में राजस्थान से आए गौ सेवा अभियान से जुड़े सनातन शरण जी महाराज ने गौ भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़कों पर हादसे और कत्लखानों तक पहुंचता गौवंश आज व्यवस्था और समाज दोनों के सामने बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। आखिर जिस देश में सरकार की इच्छा शक्ति से अनेक ऐतिहासिक और राष्ट्रीय महत्व के निर्णय संभव हुए, वहां गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान देने की मांग अब तक अधूरी क्यों है? इसी सवाल को जनआंदोलन की आवाज बनाने के लिए गौ सम्मान आह्वान अभियान ने निर्णायक जनजागरण का आह्वान किया है। अब केवल गौमाता की जय बोलने से काम नहीं चलेगा, बल्कि उनकी रक्षा और सम्मान के लिए धरातल पर उतरकर संघर्ष करना होगा। जब तक भारतभूमि पर गौमाता का रक्त बहता रहेगा, तब तक देश आपदाओं और विपदाओं से मुक्त नहीं हो सकता है? जिस धरती पर गौमाता का पूजन होता है, उसी धरती पर उनका रक्त बहना हम सभी के लिए गंभीर आत्ममंथन का विषय है। भारत को सुखी, समृद्ध और स्वस्थ बनाना है तो सबसे पहले गौमाता की रक्षा का संकल्प लेना होगा। महाराजश्री ने गौ भक्तों से कहा कि यह किसी जाति, धर्म या संगठन का अभियान नहीं है। गौमाता संपूर्ण मानवता की मां हैं। इसलिए हर वर्ग के लोगों को इससे जुड़ना चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगों से संकल्प दिलाया कि वे गांव-गांव जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे, लोगों को गौमाता की वास्तविक स्थिति से अवगत कराएंगे और 4 दिसंबर को अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुंचेंगे। बैठक में गौमाता के सम्मान, संरक्षण और संवर्धन के लिए एकजुट होकर प्रयास करने का आह्वान किया गया। बैठक को नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज, गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वर दास जी महाराज, वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास जी महाराज, मूडरी धाम के महंत परशुराम दास जी महाराज, अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक डॉ अभिषेक कृष्ण शास्त्री, मुरादपुर, नूरपुर सहित विदिशा त्योंदा, मल्हारगढ़ से आए साधु संतों के अलावा अन्य संतों ने भी संबोधित किया। बैठक में गौ सेवा अभियान से जुड़े हुए गौ भक्त और कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। देश में 350 करोड़ में से 8 करोड़ बचा है गौ वंशसनातन शरण जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि एक समय भारतभूमि पर लगभग 350 करोड़ देशी गोवंश होने की बात कही जाती थी, जबकि वर्तमान में देश में केवल 8 करोड़ गौमाताएं बचने का दावा उन्होंने किया। उन्होंने कहा कि गोवंश की घटती संख्या केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि देश की कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। कथावाचक डॉ अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने भी अपनी ओर से भोपाल के लिए गौ भक्तों के लिए वाहनों और भोजन सेवा देने की घोषणा की।

विद्युत अधिकारियों ने की औचक जांच, पांच के बने प्रकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गुरूवार को बासौदा एसटीएम प्रबंधक दीपक कुलस्ते के नेतृत्व में विद्युत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीण क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आधा दर्जन गांवों में विद्युत मोटरों, ट्रांसफार्मर, अस्थाई एवं स्थाई कनेक्शनों के साथ विद्युत मोटरों की जांच की गई। जिसमें करीब पांच अवैध विद्युत उपभोक्ताओं के खिलाफ प्रकरण बनाए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दिनों इलाके भर में किसानों द्वारा रबी सीजन की बोवनी के लिए खेतों का पलेवा एवं सिंचाई की जा रही है। जिसके लिए किसानों द्वारा विद्युत मोटरों का उपयोग किया जाता है। अधिकांश किसान वैध तरीके से विद्युत का उपयोग करते हुए मोटर पंप चलाते हैं, लेकिन कुछ किसान बिना रसीद कटवाए या बिना वैध कनेक्शन के मोटर पंप चलाते हैं। इसी कारण गुरूवार को बासौदा एसटीएम प्रबंधक दीपक कुलस्ते ने त्योंदा के ग्रामीण विद्युत केन्द्र कर्मचारियों वीरेन्द्र मैना, भीकम सिंह यादव, हरिओम अहिरवार एवं अन्य स्टाफ के साथ ग्राम सौंठिया, रतनखेडी, करोंदा कला सहित आसपास के गांवों में औचक जांच की। इस दौरान पांच किसानों द्वारा अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करते हुए विद्युत मोटर चलाई जा रही थी। जिस पर संबंधित किसानों के खिलाफ विद्युत चोरी के प्रकरण बनाए गए हैं। वहीं कुछ की मौके ही राशि जमा कराकर रसीद काटी गई। वहीं कुछ किसानों को वैध कनेक्शन लेकर विद्युत का उपयोग करने की समझाइश दी गई है। जबकि शेष कनेक्शन सही पाए गए। विद्युत अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे असुविधा और कार्रवाई से बचने के लिए अपने विद्युत मोटर पंपों की क्षमता के अनुसार वैध कनैक्शन रसीद बनवाकर ही विद्युत का उपयोग करें।

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 18453 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

ककरावदा में आज लगेगा विद्युत कैंप



गंज बासौदा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा ग्राम ककरावदा में विद्युत सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप दिनांक 13 नवंबर शुक्रवार को ग्राम ककरावदा के पंचायत भवन में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगाया जाएगा। कैंप में उपभोक्ताओं को नए विद्युत कनेक्शन, मीटर जाँच / परिवर्तन, बिल सुधार / त्रुटि सुधार, शिकायत निवारण एवं अन्य समस्याओं का मौके पर ही समाधान दिया जाएगा। विभाग द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि वे कैंप में अपना नवीनतम बिजली बिल एवं पहचान पत्र साथ लेकर आएं। कैंप में निःशुल्क सहायता एवं मार्गदर्शन उपलब्ध रहेगा। ग्राम के सभी उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

शाह परिवार द्वारा मिला समिति को सहयोग, समाज सेवी रमेश शाह ने 5100 की राशि की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



चेतना सेवा समिति के द्वारा संचालित निशुल्क परामर्श एवं निशुल्क दवाइयां वितरित करने की सेवा निरंतर चलायमान है। समाजसेवियों ने बढ़ चढ़कर अपना सहयोग समिति को देने लगे हैं। इसी श्रृंखला में समाज सेवी माधुरी बेन रमेश चंद शाह ने 5100 की राशि स्वर्गीय दीपक शाह की पुण्य स्मृति में मरीजों की दवाईयों में आने वाले खर्च में सहयोग के लिए भेंट की। समिति ने उनके परिवार को धन्यवाद देते हुए स्वर्गीय दीपक शाह की आत्म शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा वहीं डायलिसिस सेंटर पर अपनी निरंतर सेवाएं देने वाले टेक्नीशियन शरद सूर्यवंशी, टेक्नीशियन छाया भट्ट, टेक्नीशियन मुकेश मैथिल, सहयोगी अनिल साहू को समिति की और से दीपावली के त्यौहार के उपलक्ष्य में उपहार के रूप में मिष्ठान एवं ब्लैंकेट कंबल भेंट किए गए। इस अवसर पर समिति सदस्यों ने डायलिसिस के मरीजों से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। उल्लेखनीय है कि समिति 2014 से निरंतर डायलिसिस सेंटर पर सेवा के क्षेत्र में तथा मरीजों की निशुल्क ओपीडी और दवाइयां वितरित करने में विदिशा जिले में अपनी पहचान बना चुकी है। डॉक्टर आर सी शर्मा प्रतिदिन उपस्थित रहकर समिति का मार्गदर्शन करते हैं। इस मौके पर चेतना सेवा समिति के अध्यक्ष कंछेदी लाल जैन, वरिष्ठ सदस्य सत्यपाल तनवानी, अशोक अग्रवाल मंकू जी, कोषाध्यक्ष मेहरबान सिंह राजपूत, सदस्य सुरेश कुमार तनवानी, अर्जुन लाल पांचाल, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बैंक का स्थापना दिवस मनाया



गंजबासौदा। गतदिवस यूनियन बैंक का 108 वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तिवारी, वरिष्ठ व्यापारी योगेश भाई शाह, घनश्याम दास साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर बच्चों से केक कटवाकर स्थापना दिवस मनाया गया। बाद में मिष्ठान वितरित किया गया। इस दौरान बैंक प्रबंधक एवं स्टाफ मौजूद रहा।

सुंदर मंदिर में हुआ अन्नाकूट महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

दीपावली के उपलक्ष्य में इन दिनों मंदिरों में भगवान को विभिन्न प्रकरण के व्यंजनों के साथ अन्नकूट का भोग लगाया जा रहा है और उसकी प्रसादी वितरित की जा रही है। इसी के तहत गत दिवस सिटी क्षेत्र स्थित सुंदर मंदिर में भगवान का विशेष श्रृंगार करते हुए भजन पूजन और कीर्तन किया गया। साथ ही भगवान का विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से निर्मित अन्नकूट का भोग लगाया गया। इसके बाद अन्नकूट प्रसादी को श्रद्धालुओं को वितरण किया गया।

नवांकुर के शुभ राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए ग्वालियर रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नवांकुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंजबासौदा के होनहार विद्यार्थी शुभ दीक्षित का चयन U-17 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए शुभ दीक्षित ग्वालियर के लिए रवाना हुए हैं। यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उनकी इस सफलता पर विद्यालय संचालक शैलेन्द्र दीक्षित, प्राचार्य संदीप रावत एवं समस्त शिक्षक परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभ दीक्षित एवं क्रीड़ा प्रभारी विजय शर्मा को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ एवं उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को धूमधाम से मनाई जाएगी

गंजबासौदा। आगामी दिनांक 15 नवंबर 2026, रविवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन रमेश कुमार मोगिया के निज निवास खिन्नी वाला बगीचा, लोहा मिल रोड, गंज बासौदा में हर्षोल्लास एवं धूमधाम से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के बलिदानों को याद किया जाएगा। भगवान बिरसा मुंडा अंग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नायक, प्रमुख आदिवासी नायक रहे हैं, जिन्होंने अंग्रेजों से लड़ते-लड़ते अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे एवं स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी थी। उन्होंने अंग्रेजों से कभी समझौता नहीं किया था। उन्होंने जल, जंगल एवं जमीन के लिए अंग्रेजों से लोहा लिया था। कार्यक्रम में अधिक से अधिक समाज जनों से आने का आग्रह किया गया है।



छह किसानों के ट्यूबवेलों से तीन हजार फीट से अधिक विद्युत केबल काटकर ले गए अज्ञात चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



कोतवाली थाना के ग्राम हथौड़ा क्षेत्र में ट्यूबवेलों से केबल एवं विद्युत तार चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक ही रात में 6 किसानों के ट्यूबवेलों की केबल काटकर चोरी कर ली। चोरी गई केबलों की कुल कीमत करीब एक लाख रुपये से ज्यादा बताई जा रही है। फरियादी किसान राघवेंद्र रघुवंशी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि दिनांक 07.11.2026 को शाम करीब 8 बजे वह अपने खेत में लगे ट्यूबवेल पर दिया लगाकर घर आया था। उस समय उसकी डोरी ट्यूबवेल में लगी हुई थी। सुबह करीब 7 बजे खेत पर आकर देखा तो उसके ट्यूबवेल की डोरी का कॉपर तार करीब 30 फीट कोई अज्ञात चोर काटकर चोरी कर ले गया था। इसके बाद परिवार के अन्य किसानों के ट्यूबवेल पर जाकर देखा तो विजय रघुवंशी के ट्यूबवेल की डोरी करीब 35 फीट, देवेंद्र रघुवंशी के ट्यूबवेल की डोरी 15 फीट, रमेश रघुवंशी के ट्यूबवेल की डोरी 25 फीट, निशांत रघुवंशी के ट्यूबवेल की डोरी करीब 20 फीट एवं रविन्द्र कुशवाह की विद्युत मोटर एल्यूमीनियम की डोरी अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित किसानों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। इसके बाद थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भागवत कथा में कथा वाचक ने बताया

शिव पार्वती विवाह ब्रह्मांड का विवाह है

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



हनुमान चौक स्थित शीतला माता मंदिर प्रांगण में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा वाचक आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया ने कहा शिव पार्वती विवाह पूरे ब्रह्मांड का विवाह है। यह विवाह कैसे हुआ सुनिए। कथा वाचक ने बताया कि पर्वतराज हिमालय की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर माता जगदंबा ने उनके यहां पुत्री रूप में जन्म लेने का वरदान दिया था। इसके बाद माता पार्वती ने हिमालय के घर जन्म लिया। जैसे-जैसे पार्वती बड़ी हुईं, पर्वतराज को उनके विवाह की चिंता सताने लगी। उन्होंने कहा कि माता पार्वती बचपन से ही भगवान भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन महर्षि नारद पर्वतराज के घर पहुंचे और उन्होंने भगवान शिव के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। कथा में उस प्रसंग का भी मार्मिक वर्णन किया गया। जब भगवान भोलेनाथ नंदी पर सवार होकर भूत-प्रेतों और गणों के साथ बारात लेकर पहुंचे। विचित्र बारात को देखकर पर्वतराज और उनके परिजन अचंभित रह गए, लेकिन माता पार्वती ने प्रसन्नता पूर्वक भगवान शिव को अपने पति के रूप में स्वीकार किया। कथा के दौरान मुख्य यजमान रमका गोपी लाल सैनी, रानू मनीष, सुषमा आशीष सहित भक्तों ने फूलों की बरसात करते हुए कथा का आनंद लाभ प्राप्त किया। शिव-पार्वती की मनमोहक झांकी भी प्रस्तुत की गई, जिसके दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। पूरा पंडाल हर-हर महादेव और पार्वती माता के जयकारों से गूंज उठा। कथा वाचक ने कहा कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह सृष्टि के कल्याण के लिए हुआ था। इस विवाह से हमें त्याग, तपस्या और समर्पण की प्रेरणा मिलती है। सभी ने मिलजुल करके कथा में सहयोग दिया।

घायल की गवाही पर हत्या के प्रयास के आरोपी को 5 साल का सश्रम कारावास



सागर। हत्या के प्रयास के एक मामले में फरियादी और चश्मदीद गवाहों के पक्षद्रोही होने के बावजूद घायल की विश्वसनीय गवाही के आधार पर सत्र न्यायालय ने आरोपी को पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।प्रकरण के अनुसार 27 अक्टूबर 2025 को ग्राम देवलचौरी में विवाद के दौरान नरेंद्र राजपूत (43), निवासी देवलचौरी, थाना राहतगढ़ ने बीच-बचाव कर रहे खेत सिंह ठाकुर (55) के पेट में बटनदार चाकू से हमला कर दिया था। हमले में उनकी छोटी आंत में छेद हो गया था और गंभीर हालत में उनका बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन किया गया। करीब 15 दिन तक उनका उपचार चला। मामले की सुनवाई करते हुए सत्र न्यायाधीश एमके शर्मा ने आरोपी नरेंद्र राजपूत को भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1) के तहत दोषी ठहराते हुए पांच वर्ष के सश्रम कारावास और 5 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड नहीं भरने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सुनवाई के दौरान फरियादी और अन्य चश्मदीद गवाह अपने बयानों से मुकर गए थे, लेकिन न्यायालय ने घायल की गवाही को विश्वसनीय माना। इसकी पुष्टि चिकित्सकीय साक्ष्यों, डॉक्टरों के बयान और आरोपी की निशानदेही पर बरामद चाकू से हुई। प्रकरण में तत्कालीन विवेचक एवं वर्तमान चौकी प्रभारी बिलहरा उप निरीक्षक राम अवतार धाकड़ ने प्रभावी विवेचना कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक दीपक भंडारी ने पैरवी की। न्यायालय ने अर्थदंड की राशि अपील अवधि समाप्त होने के बाद घायल को प्रतिकर के रूप में देने के निर्देश भी दिए। आरोपी को अन्य आरोपों से दोषमुक्त किया गया है।

देवास में अवैध शराब परिवहन का बड़ा मामला उजागर फिर भी बासौदा में शराब तस्करों पर नहीं दिख रहा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

देवास में अवैध शराब परिवहन का बड़ा मामला सामने आने के बाद भी गंजबासौदा नगर और आसपास के ग्रामीण अंचलों में अवैध शराब के कारोबार पर कोई खास असर दिखाई नहीं दे रहा है। नगर में लाइसेंसी शराब दुकानों से जुड़े लोगों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब की सप्लाई और बिक्री किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। सबसे अधिक चिंता नगर से लगे उन ग्रामीण इलाकों को लेकर है, जहां बड़ी संख्या में मजदूर वर्ग निवास करता है और खुलेआम शराब की बिक्री से सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है। स्थानीय स्तर पर मिल रही शिकायतों के अनुसार, शराब दुकानों से जुड़े कुछ लोग कथित तौर पर अपने वाहनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शराब की पेटियां पहुंचाते हैं। इसके बाद शाम के समय बिक्री की राशि का कलेक्शन भी किया जाता है। इन गतिविधियों के बावजूद आबकारी विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई दिखाई नहीं देने से विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। नगर के स्टेशन रोड स्थित शराब दुकान से प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब की सप्लाई किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। हैरानी की बात यह है कि शराब दुकान से महज 25 से 30 कदम की दूरी पर आबकारी विभाग का कार्यालय स्थित है। इसके बावजूद यदि इस तरह की गतिविधियां संचालित हो रही हैं तो यह विभागीय निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े करता है। विभागीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने का फायदा कथित रूप से शराब कारोबार से जुड़े लोग उठा रहे हैं। दीपावली पर्व से पहले ग्राम साहबा की महिलाओं ने अवैध शराब बिक्री के विरोध में जनसुनवाई के दौरान आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर पुलिस और आबकारी विभाग की टीम को गांव भेजा गया था। हालांकि कार्रवाई के दौरान मौके से कुछ पाव अवैध शराब ही जब्त हो सकी थी। इसके बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री की शिकायतें थमती नजर नहीं आ रही हैं। देहात थाना क्षेत्र के ग्राम रजौदा, गंज सहित गुलाबगंज रोड और अंबानगर रोड के कुछ स्थानों पर अवैध रूप से शराब बेचे जाने की शिकायतें मिल रही हैं।

108 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूरी करने पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया स्थापना दिवस

सिरोंज में केक काटकर खाताधारकों संग बांटी खुशियां ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं देने का लिया संकल्प

व्यापारियों, किसानों, महिलाओं एवं आम नागरिकों के लिए संचालित योजनाओं की दी जानकारी, अतिथियों ने बैंक परिवार को दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



देश के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी गौरवशाली यात्रा के 108 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की स्थानीय सिरोंज शाखा में 108वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास, उत्साह एवं आत्मीयता के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों, खाताधारकों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता करते हुए बैंक की उपलब्धियों और सेवाओं की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा प्रबंधक योगेन्द्र पेण्डम ने केक काटकर किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अतिथियों एवं खाताधारकों को केक खिलाकर स्थापना दिवस की खुशियां साझा कीं। बैंक परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक ने ग्राहकों से सीधे संवाद किया और बैंक की सेवाओं को लेकर उनके अनुभव, सुझाव एवं समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। 108 वर्षों से देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान - कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाखा प्रबंधक योगेन्द्र पेण्डम ने कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पिछले 108 वर्षों से देश के नागरिकों को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। बैंक ने अपने लंबे सफर में समय के साथ बदलती आवश्यकताओं को समझते हुए ग्राहकों को आधुनिक एवं बेहतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य किया है। बैंक की इस लंबी यात्रा में ग्राहकों का अटूट विश्वास, सहयोग और बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत सबसे बड़ी ताकत रही है। उन्होंने कहा कि सिरोंज शाखा में भी ग्राहकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाता है। बैंक का उद्देश्य केवल ग्राहकों के खाते खोलना या जमा-निकासी की सुविधा देना नहीं, बल्कि उनकी आर्थिक आवश्यकताओं को समझकर उन्हें उचित बैंकिंग मार्गदर्शन एवं योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। प्रत्येक खाताधारक को सम्मानजनक व्यवहार और बेहतर सेवा मिले, इसके लिए शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारी हमेशा तत्पर रहते हैं। ग्राहकों की समस्याओं का समाधान करना प्राथमिकता में शामिल है।

ग्राहकों के साथ मनाया स्थापना दिवस

कार्यक्रम के दौरान बैंक प्रबंधन ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं खाताधारकों का आभार व्यक्त किया। स्थापना दिवस को ग्राहकों के साथ मनाने का उद्देश्य बैंक और खाताधारकों के बीच आपसी विश्वास, आत्मीयता एवं बेहतर संबंधों को और मजबूत करना रहा। केक काटकर खुशियां साझा करने के साथ ही बैंक की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी मयंक मित्तल (बिट्टू भैया), राकेश पालीवाल, हर्षित भार्गव, रजत गौड़, पवन शर्मा, कैलाश मिश्रा, अलीम, सलमान सहित अनेक गणमान्य नागरिक, बैंक के खाताधारक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की 108 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बैंक परिवार को शुभकामनाएं दीं।

व्यापारियों, किसानों और महिलाओं के लिए बैंक की योजनाओं की दी जानकारी

स्थापना दिवस के अवसर पर शाखा प्रबंधक ने बैंक द्वारा संचालित विभिन्न ऋण एवं बचत योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैंक के माध्यम से व्यापारियों को व्यापार ऋण, छोटे व्यवसायियों एवं स्वरोजगार करने वालों को मुद्रा ऋण, आम नागरिकों को खुदरा ऋण, वाहन खरीदने के लिए कार लोन तथा अपना घर बनाने एवं खरीदने के लिए होम लोन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। वहीं किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण की सुविधा भी प्रदान की जाती है, जिससे किसान अपनी कृषि संबंधी आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। उन्होंने महिला सम्मान बचत योजना, बीमा सहित बैंक की अन्य उपयोगी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैंक का प्रयास है कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ पहुंचे। व्यापारी अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकें, किसान कृषि कार्यों के लिए आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकें तथा महिलाएं और आम नागरिक बचत एवं निवेश के प्रति जागरूक बनें। इसके लिए बैंक द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से बैंक की योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रतानुसार उनका लाभ उठाने की अपील भी की।

ग्राहकों का विश्वास ही बैंक की सबसे बड़ी पूंजी

शाखा प्रबंधक योगेन्द्र पेण्डम ने कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया आजादी के पहले से ही देश के विभिन्न क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता आ रहा है। बैंक ने अपनी कार्यप्रणाली, विश्वसनीयता और सेवाओं के माध्यम से देश के औद्योगिक, आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के साथ व्यावसायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बैंक की 108 वर्षों की यह यात्रा केवल एक संस्थान की उपलब्धि नहीं, बल्कि लाखों-करोड़ों ग्राहकों के विश्वास और सहयोग की कहानी है। उन्होंने कहा कि बैंक के विकास में सम्मानित ग्राहकों, शुभचिंतकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा है। ग्राहकों ने वर्षों से बैंक पर जो विश्वास बनाए रखा है, वही बैंक को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सिरोंज शाखा भविष्य में भी ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं देने, उनकी समस्याओं का समाधान करने और बैंकिंग सेवाओं को अधिक सरल एवं सुविधाजनक बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

राजकुमार गौड़ एवं राजीव जैन सैनानी ने की बैंक की सेवा भावना की सराहना

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार गौड़ एवं अधिमान्य पत्रकार राजीव जैन सैनानी ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के 108वें स्थापना दिवस पर बैंक के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सभी खाताधारकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी बैंक की सफलता केवल उसके वर्षों के इतिहास या आर्थिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि ग्राहकों के साथ उसके व्यवहार, पारदर्शिता, विश्वास और सेवा भावना से तय होती है। उन्होंने कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 108 वर्षों की लंबी यात्रा में देश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बैंक ने आम नागरिकों से लेकर व्यापारियों, किसानों और विभिन्न वर्गों के लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया है। आज बैंकिंग सुविधाएं प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी हैं और ऐसे में बैंकों की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है कि वे ग्राहकों को सरल, सहज एवं सम्मानजनक सेवाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने विशेष रूप से सिरोंज शाखा की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि शाखा प्रबंधक योगेन्द्र पेण्डम एवं बैंक के कर्मचारियों द्वारा खाताधारकों के साथ मधुर व्यवहार रखना, उनकी समस्याओं को सुनना तथा समाधान के लिए तत्पर रहना प्रशंसनीय है। बैंक और ग्राहक के बीच आपसी विश्वास एवं अच्छा व्यवहार ही मजबूत संबंधों का आधार होता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सिरोंज शाखा आने वाले समय में भी इसी सेवा भावना के साथ कार्य करते हुए नगर के नागरिकों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराती रहेगी।

दिवाली दूज पर चित्रगुप्त मंदिर में किया भगवान चित्रगुप्त का पूजन



सिरोंज। दीपावली के पावन पर्व के बाद भाई दूज के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सिरोंज स्थित चित्रगुप्त मंदिर में भगवान श्री चित्रगुप्त जी की कलम-दवात पूजन का आयोजन धूमधाम एवं श्रद्धा-भक्ति के साथ किया गया। इस अवसर पर कायस्थ समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और विधि-विधान से भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजा-अर्चना कर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्री चित्रगुप्त जी को सृष्टि के न्यायाधीश एवं मनुष्यों के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाला देवता माना जाता है। मान्यता है कि वे प्रत्येक मनुष्य के अच्छे और बुरे कर्मों का लेखा रखते हैं तथा मृत्यु के पश्चात कर्मों के आधार पर न्याय करते हैं। भगवान चित्रगुप्त जी को ब्रह्मा जी का मानस पुत्र भी माना जाता है। कायस्थ समाज में दीपावली के बाद भाई दूज के दिन भगवान चित्रगुप्त जी की विशेष पूजा का विधान है। इस दिन कलम, दवात और बही-खातों का पूजन किया जाता है। कलम को ज्ञान, शिक्षा, लेखन और सत्य का प्रतीक माना जाता है। समाज के लोग इस दिन नई शुरुआत करने, ज्ञान अर्जित करने और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने का संकल्प लेते हैं। मंदिर में आयोजित पूजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा। समाजजनों ने भगवान श्री चित्रगुप्त जी के समक्ष शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन ने समाज की एकता, परंपरा और धार्मिक आस्था को भी दर्शाया।

खबर संक्षेप

शाहगढ़ में जनसंवाद एवं समस्या निवारण शिविर आज

सागर। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत आमजन की शिकायतों के त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लोक सेवाओं के समय-सीमा में प्रदाय हेतु 13 नवम्बर को जनपद पंचायत शाहगढ स्थित आजीविका मिशन भवन शाहगढ में जनसंवाद कार्यक्रम एवं समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में कलेक्टर सहित जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी मौजूद रहेंगे और प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। नागरिक अपनी शिकायतें व सुझाव सीधे अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

25 से 29 नवंबर तक होगी राष्ट्रीय स्तरीय शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता

सागर। शिक्षा संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार सागर में 25 नवंबर से 29 नवंबर तक राष्ट्र स्तरीय शालेय बैडमिंटन बालक / बालिका 14 वर्ष की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में देश के लगभग 37 राज्यों के 516 खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं, कोच, मैनेजर एवं ऑफिशियल्स हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता को व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु 16 नवंबर को टी.एल. बैठक के पश्चात कलेक्टर सभा कक्ष में कलेक्टर दिपील कुमार यादव की अध्यक्षता में तैयारियों के संबंध में बैठक का आयोजन किया जाएगा।

पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

सागर। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण मध्यप्रदेश द्वारा पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2026-27 के अंतर्गत पात्र अभ्यर्थियों के चयन के लिए विज्ञप्ति जारी कर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल के माध्यम से विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



यात्री बसों की चेकिंग में 51 हजार का जुर्माना, बिना बीमा स्कूल बस जब्त

सागर। त्योहारों के दौरान यात्री बसों में अधिक किराया वसूली, क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने और सुरक्षा मानकों की अनदेखी के मामलों पर परिवहन विभाग ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान बिना बीमा संचालित एक स्कूल बस जब्त की गई, जबकि तीन यात्री बसों से 51 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सागर के निर्देशन में 11 नवंबर की रात सीहोरा टोल के पास बसों की जांच की गई। इस दौरान भोपाल से दिल्ली के बीच संचालित ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट वाली बस क्रमांक एमपी04 वाईक्यू 5533 में अलग-अलग स्थानों से यात्रियों को बैठाकर ले जाना पाया गया। इसे परमिट शर्तों का उल्लंघन मानते हुए परिवहन आयुक्त को परमिट निरस्त करने का प्रतिवेदन भेजा गया है। साथ ही 46 हजार रुपए कर, शास्ति एवं शमन शुल्क अधिरोपित किया गया।वहीं 12 नवंबर को जांच के दौरान बिना बीमा संचालित स्कूल बस क्रमांक एमपी15 जेडएस 3392 को जब्त किया गया। इसके अलावा तीन यात्री बसों में क्षमता से अधिक यात्री और निर्धारित मानक के अग्निशमन यंत्र नहीं पाए गए। दस्तावेजों की कमी पर इन बसों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 51 हजार रुपए का शमन शुल्क लगाया गया।क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने वाहन मालिकों को निर्देश दिए हैं कि वे बीमा, फिटनेस, परमिट, पंजीयन, टैक्स और प्रदूषण प्रमाण पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

युवक की संदिग्ध मौत पर भड़के ग्रामीण गौरझामर-केसली मार्ग पर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां



केसली विकासखंड के गौरझामर थाना क्षेत्र के ग्राम जैतपुर डोमा में युवक की संदिग्ध मौत को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। शुक्रवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने गौरझामर-केसली मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने युवक की मौत जहरीली शराब से होने की आशंका जताते हुए क्षेत्र में अवैध और अमानक शराब की बिक्री बंद कराने तथा शराब तस्करों पर कार्रवाई की मांग की। करीब चार घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद अधिकारियों की समझाइश पर ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया और पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जानकारी के अनुसार ग्राम जैतपुर डोमा निवासी अंकुश लोधी (33) ने बुधवार रात शराब का सेवन किया था। गुरुवार सुबह परिजनों ने उसे बिस्तर पर मृत पाया। उसे केसली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया और अंतिम संस्कार कर दिया गया। हालांकि, पोस्टमार्टम की प्रारंभिक रिपोर्ट से असंतुष्ट परिजनों और ग्रामीणों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर भी उठाए सवाल

प्रदर्शनकारियों ने पोस्टमार्टम प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि रिपोर्ट पर पुरुष चिकित्सक के हस्ताक्षर हैं, जबकि पोस्टमार्टम महिला चिकित्सक ने किया था। उन्होंने रिपोर्ट में गड़बड़ी की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। ग्रामीणों ने सड़क पर बैठकर कीर्तन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।सूचना मिलने पर विधायक बृजबिहारी पटैरिया, एसडीओपी अरुण उइके, तहसीलदार देवीप्रसाद चक्रवर्ती, नायब तहसीलदार रतनसिंह सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों की समझाइश और जांच के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

12 दिसंबर को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

सागर। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री एम.के. शर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार 12 दिसंबर को जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय एवं समस्त तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत मामले, बैंक एवं मनी रिकवरी संबंधी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम एवं रोजगार विवाद, विद्युत एवं जलकर/बिल संबंधी शमनीय प्रकरण, वैवाहिक विवाद तथा दीवानी मामलों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा।इसके साथ ही प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) प्रकरणों में ई-ट्रैफिक चालान, मनी रिकवरी, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर/बिल संबंधी शमनीय मामले, दूरसंचार के बकाया लैंडलाइन एवं मोबाइल बिल तथा अन्य पात्र प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

हैहय कल्चुरी राय समाज के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक शैलेंद्र कुमार जैन को सौंपा मांगपत्र



सागर। हैहय कल्चुरी राय समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक शैलेंद्र कुमार जैन से भेंट कर समाज से संबंधित विभिन्न मांगों एवं विषयों को लेकर मांगपत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने समाज की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं से विधायक जैन को अवगत कराते हुए मांगों के निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने समाज के विकास, सामाजिक गतिविधियों तथा समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विधायक शैलेंद्र जैन के साथ चर्चा की। उन्होंने अपनी मांगों को विस्तारपूर्वक विधायक के समक्ष रखा और उनके निराकरण के लिए सहयोग का अनुरोध किया। विधायक जैन ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और समाज की मांगों पर यथासंभव पूर्ण करने तथा आवश्यक सहयोग प्रदान करने का विश्वास दिलाया। समाज की जायज एवं आवश्यक मांगों के निराकरण के लिए संबंधित स्तर पर आवश्यक प्रयास किए जाएंगे।

आम जनमानस से जुड़ा खेल है कबड्डी, युवाओं में देशज खेलों के प्रति जागरूकता जरूरी: कुलपति

विश्वविद्यालय में पश्चिम क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता 13 नवंबर से, पांच राज्यों के 150 से अधिक विवि की टीमें लेंगी हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) की पश्चिम क्षेत्रीय अंतर विश्व विद्यालय कबड्डी (पुरुष) प्रतियोगिता 13 से 18 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता विश्वविद्यालय से संबद्ध बीटीआईआरटी महाविद्यालय के सिरोंजा परिसर में होगी। इसमें पांच राज्यों के 150 से अधिक विश्वविद्यालयों की टीमें हिस्सा लेंगी।

आयोजन को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में कुलपति प्रो. नागेश दुबे ने कहा कि कबड्डी आम जनमानस से जुड़ा हुआ खेल है। खेलों से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। युवाओं में देशज खेलों के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में लगातार अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व में हैंडबॉल प्रतियोगिता और युवा महोत्सव का आयोजन भी किया गया। ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।

शारीरिक शिक्षा निदेशक डॉ. विवेक साठे ने प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और गोवा के 150 से अधिक विश्वविद्यालयों की टीमें शामिल होंगी। प्रतियोगिता में करीब 2000 खिलाड़ी और खेल अधिकारी सागर पहुंचेंगे। मुकाबले नॉकआउट एवं लीग पद्धति से आयोजित होंगे। इसके लिए टीमों को चार पूल ए, बी, सी और डी में विभाजित किया जाएगा। मैचों का निर्णय एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्णायकों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के सागर आने से शहर में खेल गतिविधियों को नई गति मिलेगी। साथ ही स्थानीय युवाओं और खिलाड़ियों में कबड्डी के प्रति उत्साह एवं जागरूकता बढ़ेगी।

बीटीआईआरटी के निदेशक डॉ. सत्येंद्र जैन ने बताया कि विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता के आयोजन की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। खिलाड़ियों के आवास, खेल मैदान और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाएगी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजू टंडन ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

पत्रकार वार्ता में कुलसचिव डॉ. एसपी उपाध्याय, डीसीडीसी प्रो. नेत्रपाल सिंह, विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. विवेक जायसवाल सहित अन्य अधिकारी एवं विभिन्न मीडिया संस्थानों के पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विवेक जायसवाल ने किया तथा आभार प्रो. डीके नेमा ने व्यक्त किया।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, साजिब अली पुत्र सनब्बर अली आयु वयस्क, निवासी बाबुलखेडी जिला विदिशा मध्यप्रदेश मैं शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम **SHAKIR ALI** अंकित है। यह कि मेरे आधारकार्ड मे मेरा सही एंव वर्तमान नाम **साजिब अली पुत्र सनब्बर अली** अंकित हैं अतः मैं अपने आधारकार्ड मे दर्ज सही नाम साजिब अली पुत्र सनब्बर अली के अनुसार ड्राइविंग लाइसेंस मे मेरा नाम मे आवश्यक सुधार करवाना चाहता हूँ।

न्यायालय तहसीलदार (नगरीय) तहसील विदिशा जिला विदिशा म.प्र.

प्रकरण क्रमांक 2483/अ-6/2026-27
1-श्री बृजेश कुमार पुत्र स्व. श्री कन्छेदीलाल साहू, 2-श्री मोहनलाल साहू पुत्र स्व. श्री कन्छेदीलाल साहू, 3-श्री राजेश साहू पुत्र स्व. श्री कन्छेदीलाल साहू , 4- श्रीमति राज बाई पत्नि स्व. श्री कन्छेदीलाल साहू ..... आवेदकगण
- बनाम
मध्यप्रदेश शासन.....अनावेदक

// जाहिर सूचना //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्री बृजेश कुमार, मोहनलाल, राजेश साहू पुत्रगण स्व. श्री कन्छेदीलाल साहू, श्रीमति राज बाई साहू पत्नि स्व. श्री कन्छेदीलाल साहू निवासीगण विदिशा द्वारा आवेदन धारा 109, 110 म.प्र.भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत पेश कर आवेदकगण के पिता/पति श्री कन्छेदीलाल पुत्र पूरनलाल के द्वारा ग्राम कस्बा विदिशा प.ह.नं. 02 तहसील नगर विदिशा स्थित भूमि सर्वे नं. 1653/2 रकबा 0.661 है. में से 1200 वर्गफिट भूखण्ड विक्रेता प्रमीला पत्नि विश्वनाथ राव से जर्ये विक्रय पत्र क्रं. 2046 दिनांक 07.10.87 से क्रय किया गया था। श्री कन्छेदीलाल पुत्र पूरनलाल का स्वर्गवास दिनांक 05.06.2008 को हो चुका है। फौती नामांतरण किये जाने का निवेदन किया है। आवेदक के आवेदन पत्र पर प्रकरण क्रमांक 2483/अ-6/2026-27 पंजीबद्ध किया जाकर सुनवाई हेतु दिनांक 19/11/26 नियत है। ऐसे सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि में हित रखते हो तो वह अपनी आपत्ति/ दावा प्रकरण में नियत दिनांक 19/11/26 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 12/11/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील नगर विदिशा

व्यापारियों का अल्टीमेटम - 24 घंटे में चोरों की गिरफ्तारी नहीं तो बंद करेंगे कारोबार

चोरों ने कृषि मंडी में मुनीम को बंधक बनाकर किया जानलेवा हमला, अलमारी से 20 लाख रुपए ले उड़े







हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर के भोपाल मार्ग स्थित कृषि उपज मंडी में एक अनाज व्यापारी की दुकान में बीती देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने पहले तो मुनीम को बंधक बनाया और उस पर जानलेवा हमला करते हुए ईंट से उसके सिर पर वार किया उसकी बांयी आंख फोड़ कर अलमारी को तोड़कर उसे रखे नगदी लेकर फरार हो गए। मुनीम की हालात गंभीर बताई जा रही है, उसे प्राथमिक उपचार के भोपाल के नर्मदा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते गुरुवार की देर रात करीब 12 से 3 बजे के बीच कृषि उपज मंडी प्रांगण में स्थित गल्ला व्यापारी मेसर्स बाबूलाल मनोज राठौर की दुकान में अज्ञात चोर पिछले टीन शेड से खिड़की को तोड़कर अंदर घुस गए। दुकान में सो रहे कर्मचारी मुनीम पदम यादव के रस्सी से हाथ पैर बांधकर मुँह में कपड़ा ठूंसा और ईंटों एवं धारदार हथियार से हमला कर अधमरा कर दिया। इसके बाद अलमारी में रखे लगभग 20 लाख रुपए नकदी लूटकर फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल कर्मचारी पदम सिंह खून से लतपथ हालत में रातभर ऑफिस में ही तड़पता रहा। सुबह जब व्यापारी मनोज राठौर दुकान पहुंचे तो खिड़की से झांकने पर कर्मचारी पदम सिंह यादव घायल अवस्था में पड़ा मिला। उन्होंने इसके बाद कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया । प्राथमिक उपचार के दौरान गंभीर रूप से घायल पदम यादव को इलाज के लिए भोपाल रैफर कर दिया गया है। इस घटना के बाद अनाज मंडी परिसर में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के अनाज कारोबारियों और मंडी में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी दीपक नायक, एसडीओपी आकांक्षा तलैया, कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल पुलिस फोर्स के साथ अनाज व्यापारियों से बातचीत करते हुए घटना के बारे में दुकानदार मनोज राठौर से जानकारी ली। एएसपी दीपक नायक से मीडिया कर्मियों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने चोरी की वारदात के पूर्व रैकी की है। आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

डॉग स्क्वाड टीम फिंगर एक्सपर्ट ने की जांच

पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में विदिशा से डॉग स्क्वाड टीम बुलाई गई। डॉग ने इधर उधर सूंघकर चोरों का सुराग लगाने का प्रयास भी किया। पुलिस आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज भी चोरी का सुराग लगाने खंगाल रही है। गल्ला व्यापारी मनोज राठौर ने बताया कि उनकी धर्मपत्नी को अटैक आने पर उसे लेकर बंसल हॉस्पिटल भोपाल गए थे। इसके पहले वह बैंक से बीस लाख रूपये आहरण कर अपने मुंशी पदम सिंह यादव द्वारा अलमारी में रखवाकर चाबी लेकर वह चले गए थे। वह मुनीम पदम सिंह को आफिस में छोड़कर गये थे। रात में वह ऑफिस में सो गए थे। उनका इलाज नर्मदा फैक्चर हॉस्पिटल भोपाल में चल रहा है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

अनाज व्यापारियों में आक्रोश एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

घटना के बाद अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ रायसेन के अनाज कारोबारियों केशराम साहू, अशोक कुमार सोनी, कन्हैया सोनी, मिथलेश सोनी सहित अन्य व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। व्यापारियों ने एसडीएम मनीष शर्मा को ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन में चेतावनी दी है - ₹चोरों की गिरफ्तारी 24 घंटे में हो जाए, नहीं तो हम सभी व्यापारी दिनांक 13 नवंबर को सांकेतिक रूप से मंडी बंद कर देंगे।₹ अगर कार्रवाई नहीं हुई तो पूरी अनाज मंडी अनिश्चितकाल के लिए बंद कर देंगे।₹

व्यापारियों का कहना है..

अनाज मंडी में व्यापारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। रात में कोई सुरक्षा नहीं, सीसीटीवी तक नहीं हैं। अगर 24 घंटे में आरोपी नहीं पकड़े गए तो हम शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे।₹

मिथलेश सोनी, अनाज व्यापारी

मैं सुबह जब ऑफिस पहुंचा तो खिड़की से देखा, मेरा कर्मचारी खून से लथपथ पड़ा दर्द से कराह था साँसें चल रहीं थीं। अलमारी टूटी थी, 20 लाख कैश गायब था।

मनोज राठौर, पीड़ित गल्ला व्यापारी

डायल 112 एंबुलेंस ने की मदद

बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत मासूम समेत दो की मौत, 4 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



बम्होरी थाना क्षेत्र के ग्राम कोठरी के आगे मानसरोवर रेस्टोरेंट के सामने गुरूवार शाम करीब 6 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक मासूम बच्चे और एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के समय वहां से गुजर रहे समाजसेवी पं कृष्णकांत आचार्य ने तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम और बम्होरी थाना प्रभारी को सूचना दी।

इसके बाद डायल 112 एंबुलेंस की मदद से गंभीर रूप से घायल लोगों को उपचार के लिए सिलवानी अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद क्षेत्र में बम्होरी स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की उपलब्धता को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बम्होरी में डॉक्टरों की नियमित व्यवस्था नहीं होने से आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता। इस संबंध में कस्बा बम्होरी और आसपास के ग्रामीण पहले भी जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को कई बार आवेदन देकर डॉक्टर की नियुक्ति की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

बोरिंग मशीन ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत, दूसरा गंभीर

रायसेन। तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही बोरिंग मशीन ने पीछे से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीर मनीष जाट ने बताया कि मैं अपने गांव से लौट रहा था, रास्ते में देखा कि काफी भीड़ लगी है, हंगामा हो रहा है। पास जाकर देखा तो एक बोरिंग मशीन बाइक सवारों के ऊपर चढ़ी हुई थी। बोरिंग मशीन चालक ने लापरवाही से पीछे से दो लोगों को कुचल दिया था। एक व्यक्ति तो मौके पर ही दम तोड़ दिया था। हादसे के बाद एंबुलेंस नहीं पहुंची। मेरे द्वारा कार से घायल को तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आया। बोरिंग मशीन अभी भी मौके पर ही खड़ी है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बोरिंग मशीन को कब्जे में ले लिया है। चालक मौके से फरार बताया जा रहा।

लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से किया हमला

भूसे की दिशा को लेकर दो भाइयों में खूनी संघर्ष, एक की मौत, एक गंभीर घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

तहसील के ग्राम बीकलपुर में गुरुवार को धान की थ्रेसिंग के दौरान भूसे की दिशा को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला किया गया। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार, धान की थ्रेसिंग के दौरान भूसा किस दिशा में उड़ रहा है, इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई थी। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। इसमें गणेश रघुवंशी को गंभीर चोटें आईं। उन्हें उपचार के लिए ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। वहीं, मारपीट में सुरेंद्र रघुवंशी भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें सिलवानी सिविल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रायसेन रेफर कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी आशुतोष त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीओपी ने गणेश रघुवंशी की मौत की पुष्टि की है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस विवाद के कारणों और मारपीट में शामिल लोगों की भूमिका की जांच में जुटी है। एसडीओपी ने बताया कि मृतक के पुत्र हाकम की रिपोर्ट पर आरोपी प्रहलाद रघुवंशी 65,भूपेंद्र 34 को पूंछताछ के लिए हिरासत में लिया है। जबकि एक अन्य आरोपी सुरेन्द्र 26 को घायल होने से रायसेन रेफर किया है। इस प्रकरण में मृतक का लड़का हाकम भी घायल हुआ है। जिसका उपचार अस्पताल में किया जा रहा है । बताया जा रहा है कि आरोपी प्रहलाद व मृतक रिश्ते में भाई है।

अब सीमांकन के बाद आधिकारिक रिपोर्ट, गुणवत्ता जांच और अधूरे निर्माण को पूरा कराने की उठी मांग

8 साल बाद भी 36.94 लाख की कब्रिस्तान विकास परियोजना अधूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नगर के मुख्य मुस्लिम कब्रिस्तान के सौंदर्यीकरण, चारदीवारी निर्माण और भूमि की सुरक्षा का मामला आठ साल से अधिक समय बीतने के बाद भी अधर में लटका हुआ है। लगभग 36 लाख 94 हजार रुपए की लागत से स्वीकृत विकास परियोजना को महज चार माह में पूरा किया जाना था, लेकिन वर्षों गुजरने के बाद भी निर्माण कार्य पूरी तरह पूर्ण नहीं हो सका। कहीं निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठे तो कहीं सड़क में दरारें और चारदीवारी की क्षतिग्रस्त स्थिति सामने आई। सरकारी योजनाओं में समय-सीमा और गुणवत्ता के दावों के बीच यह परियोजना जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। अब मुस्लिम त्योहार कमेटी ने प्रशासन से लंबित कार्यों को पूरा कराने और कब्रिस्तान की भूमि को स्थायी रूप से सुरक्षित करने की मांग उठाई है।

चार माह का काम आठ साल में भी अधूरा

जानकारी के अनुसार कब्रिस्तान के सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए 36.94 लाख रुपए की परियोजना स्वीकृत हुई थी। निर्माण की समय-सीमा चार माह तय की गई थीए लेकिन तय अवधि में काम पूरा नहीं हुआ। मई 2024 में भी इस मामले को लेकर समाचार प्रकाशित हुए थे। उस समय परियोजना के छह साल बाद भी अधूरे रहने, घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग, सड़क में दरारें और चारदीवारी क्षतिग्रस्त होने जैसे मुद्दे सामने आए थे। नवंबर 2026 तक भी परियोजना का अधूरा रहना विभागीय निगरानी और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

सीमांकन हुआ, लेकिन प्रमाणित रिपोर्ट का इंतजार

कब्रिस्तान की वास्तविक भूमि की सीमा स्पष्ट नहीं होने से भविष्य में अतिक्रमण और विवाद की आशंका बनी हुई थी। इसे देखते हुए मुस्लिम त्योहार कमेटी ने प्रशासन से विधिवत सीमांकन कराने की मांग की थी। कमेटी की पहल पर प्रशासन ने आपसी समन्वय से भूमि का सीमांकन और मौके पर चिन्हांकन कराया। यह सकारात्मक कदम रहाए लेकिन अब तक सीमांकन की आधिकारिक प्रमाणित रिपोर्ट कमेटी को उपलब्ध नहीं कराई गई है। कमेटी चाहती है कि रिपोर्ट सौंपकर भूमि की वास्तविक स्थिति का सरकारी रिकॉर्ड स्पष्ट किया जाए।

निर्माण की तकनीकी और वित्तीय जांच की मांग

कमेटी ने पूर्व में स्वीकृत परियोजना की समीक्षा कराने की मांग की है। इसमें स्वीकृत राशि में से कितनी खर्च हुई कितना निर्माण हुआ, उसकी गुणवत्ता कैसी रही और कौन.कौन से कार्य शेष हैं, इसका पूरा हिसाब सार्वजनिक होना चाहिए। जहां निर्माण क्षतिग्रस्त या अधूरा है, वहां तकनीकी जांच कराकर नियमानुसार सुधार और पुनर्निर्माण कराया जाए। पूरी चिन्हित भूमि पर मानकों के अनुरूप चाहरदीवारी बनाई जाए। मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला संरक्षक कामरान खान ने कहा कि मुख्य कब्रिस्तान मुस्लिम समाज की महत्वपूर्ण धार्मिक और सार्वजनिक संपत्ति है। इसकी सुरक्षा और व्यवस्थित विकास पूरे समाज की आवश्यकता है। लाखों रुपए की स्वीकृत परियोजना का इतने वर्षों तक अधूरा रहना चिंताजनक है। कमेटी ने विवाद के बजाय जिम्मेदारी के साथ प्रशासन के समक्ष अपनी मांग रखी है। उन्होंने सीमांकन की कार्रवाई के लिए प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि अब प्रमाणित रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए तथा पूर्व निर्माण की गुणवत्ता और खर्च की जांच हो। जहां कमियां हैंए उन्हें सुधारा जाए।

प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही भी जरूरी

सीमांकन के बाद अब प्रशासन और संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है कि मामला फाइलों में दबकर न रह जाए। कमेटी की अपेक्षा है कि शेष निर्माण के लिए बजट और कार्ययोजना तैयार कर समय.सीमा निर्धारित की जाए। वर्षों पुरानी परियोजना को पूरा कराने में जनप्रतिनिधियों को भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। समाज की मांग स्पष्ट है कि केवल आश्वासन और कागजी कार्रवाई नहीं, बल्कि धरातल पर काम दिखाई दे। कब्रिस्तान की पूरी भूमि सुरक्षित हो, मजबूत चारदीवारी बने और अधूरा सौंदर्यीकरण पूरा कराया जाए, ताकि वर्षों से चली आ रही समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

इनका कहना है..

मेरे सिलवानी पोस्टिंग के पूर्व का मामला है। मामले के संबंध में मुझे जानकारी नहीं है।

राजेश मिश्रा, सीएमओ, नगर परिषद,सिलवानी

बासमती धान के भाव 5000 के आसपास हुए

दीपावली बाद क्षेत्र में धान कटाई के कार्य ने पकड़ लिया जोर, कृषि उपज मंडी में बढ़ने लगी आवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



दीपावली के बाद क्षेत्र में धान की कटाई युद्ध स्तर पर किसानों द्वारा की जा रही है। बासमती धान के भाव पहली बार 5000 के आसपास हो जाने से किसानों में भारी प्रसन्नता का माहौल बना नजर आ रहा है। बाड़ी बरेली क्षेत्र में मुख्य रूप से किसानों द्वारा बासमती धान की खेती कर लाखों कुंटल बासमती धान का उत्पादन कर देश प्रदेश का चावल भंडार भरा जा रहा है। दूज पर मंडी में तोल कांटों की पूजन के दौरान अच्छे किस्म की धान 5100 रुपए कुंटल बोली गई। दीपावली पर कृषि मजदूरों के अपने गांव घर चले जाने से धान की कटाई का कार्य शिथिल हो गया। किसानों द्वारा मंडी में बासमती धान के भाव 5000 बने रहने से धान को ट्रैक्टर ट्रॉलियो में भर मंडी में या चावल मिलों पर भारी मात्रा में प्रतिदिन धान लाई जा रही है। धीरे-धीरे धान की आवक बढ़ाना शुरू हो गई है आने वाले दिनों में सैकड़ो ट्रालिया में हजारों कुंटल धान प्रतिदिन मंडी और मिलो पर आने की संभावना है। धान के उम्दा भाव- बासमती धान का कोई समर्थन मूल्य नहीं होता। व्यापारियों चावल बनाने वाली कंपनियों द्वारा ही बासमती धान की खरीद भाव तोल और भुगतान निश्चित किया जाता है। पिछले वर्ष 3 हजार 3500 रुपए कुंटल बिकने वाली धान के भाव सीजन की शुरुआत में ही 5000 के आसपास है।

ठंड का बढ़ा जोर ऊनी कपड़ों का उपयोग शुरू

बरेली। दीपावली बाद तापमान में आई गिरावट के साथ ठंड का जोर बढ़ गया है। दिन और रात के तापमान में आई गिरावट के असर से गर्म कपड़ों का उपयोग भी शुरू होना कूलर एसी बंद हो गए हैं। सूरज की किरणो की चुभन तेजी गायब होने लगी है। मौसम में आए परिवर्तन का असर दिखने लगा है। सूर्योदय सुबह 7:00 के आसपास और सूर्यास्त शाम 5:00 बजे होने से रात का अंधेरा छाने लगा है दिन छोटे और रातें लंबी होने लगी है। ठंडी हवाओं का जोर रातभर एवं सुबह के 9-10 बजे तक बना रहने और ओस गिरना भी शुरू हो गई है। नवंबर के दूसरे सप्ताह में ही लोग ऊनी कपड़ों का उपयोग करने लगे हैं।

आज 1.40 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात देंगे विधायक डॉ. चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



सांची विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुराम चौधरी कल 13 नवंबर शुक्रवार को रायसेन जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में शामिल होंगे और नगर पालिका रायसेन के 6 विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। सुबह 10 बजे भोपाल से कार से प्रस्थान करेंगे। सुबह 11:15 बजे ग्राम गुंदरई विकासखंड सांची पहुंचेंगे, जहां मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे भाजपा श्रीराम परिसर रायसेन में पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता से भेंट करेंगे। दोपहर 3 बजे नगर पालिका परिषद रायसेन के तहत होने वाले 6 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इन कार्यों की कुल लागत 1 करोड़ 40 लाख 17 हजार रुपए है।

किस वार्ड में क्या बनेगा

- वार्ड 4 में सांची मेन रोड से मदन राजपूत के घर तक सीसी रोड - लागत 20.36 लाख रूपये।
- वार्ड 4 में ही रायसेन-विदिशा रोड पर मुरारीलाल सोनी की सराफा दुकान से भोपाल नेशनल हाईवे बायपास तक सीसी रोड - लागत 49.25 लाख, सबसे बड़ा प्रोजेक्ट।
- वार्ड 17 में गर्ल्स हॉस्टल से पप्पू चक्रवर्ती के मकान तक सीसी रोड - लागत 46.11 लाख रूपये।
- नगर पालिका के नवीन सामुदायिक भवन कार्यालय के सामने पार्क में पेवर ब्लॉक कार्य - लागत 6.79 लाख रूपये।
- वार्ड 16 में स्टेडियम के पास बाउंड्रीवॉल निर्माण - लागत 15.07 लाख रूपये
- वार्ड 11 में महर्षि वाल्मीकि मंदिर परिसर में टीन शेड निर्माण - लागत 2.59 लाख रूपये।

दो बच्चों पर कुत्तों ने हमला किया

देवास। आवारा कुत्तों का हमला लगातार बच्चों के लिए खतरा बन रहा है। सोमवार को दो अलग-अलग कॉलोनियों में घर के बाहर खेल रहे दो मासूम बच्चों पर कुत्तों ने हमला कर दिया। दोनों घायल बच्चों को परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज किया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती किया गया है। पहली घटना दोपहर करीब 2 बजे राजीव नगर क्षेत्र में हुई। यहां शबनम का 2 साल का बेटा अरमान घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। कुत्ता बच्चे का हाथ मुंह में दबाकर उसे खींचने लगा।

नर्मदा तट पतई घाट पर दातों वाली आकृति का मिला अनोखा पत्थर, आकृति की होगी जांच

खोपड़ी नुमा रहस्यमयी पत्थर को देखने उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



नर्मदा क्षेत्र के देवरी तहसील के अंतर्गत आने वाले सिद्ध एवं प्रसिद्ध नर्मदा तट पतई में बच्चों को मिट्टी खोदते समय एक अजीबोगरीब रहस्यमयी खोपड़ी नुमा पत्थर दिखलाई दिया। उक्त रहस्यमयी अनोखा पत्थर जीवाश्म है इसकी जांच एवं जानकारी जुटाने का कार्य पत्थर को संरक्षण में लेकर किया जाएगा। दांतों वाला विशाल पत्थर बना कौतूहल- नर्मदा तटपतई में पूर्व में डायनासोर की अंडे के जीवाश्म मिलने की दसको से चर्चा रही है। हाल ही में मिली खोपड़ी नुमा दांतो वाले पत्थर की विशाल आकृति मिलने से क्षेत्र में कोतुहल व्यापक चर्चा के साथ लोगों द्वारा पूजा पाठ भी किया जाने लगा है। लोग इसे नर्मदा मैया का चमत्कार मान और बता रहे हैं।

जांच पर टिकी निगाहें- मिले दांतों की आकृति वाले पत्थर के संरक्षण जीवाश्म होने या कोई प्राकृतिक संरचना की पुष्टि तो वैज्ञानिक जांच और पुरातत्व विशेषज्ञों द्वारा की जाएगी। यह जीवाश्म निकला तो रायसेन जिले में नर्मदा किनारो पर महत्वपूर्ण खोज हो सकती है। ग्रामीणों द्वारा जांच संरक्षण की मांग की जा रही है। नर्मदा क्षेत्र में बिखरी पड़ी पुरातत्व संपदा-नर्मदा तट पतई के साथ विंध्य पर्वत श्रेणियां में प्राचीन ऐतिहासिक धरोहर बिखरी पड़ी है। ऊंची पहाड़ी पर तिल गणेश का सदियों पुराना मंदिर जिसे जामबन्त जी ने स्थापित किया था। बापौली धाम के साथ जामगढ़ भगदेही के प्राचीन तालाब मंदिर जामवंत की गुफा उदयपुरा तहसील में ग्रगन नाथ का सिद्ध स्थान कुचवाड़ा के पास त्रिलोकचंद का मंदिर पुरातत्व खोज धार्मिक आस्था के केंद्र बने हुए हैं।